Bharat Temples

तुम राम नाम का प्याला,
हम को भी पिला दो बालाजी,
जपे नाम की माला, बालाजी,
मन बना शिवाला, बालाजी,
जपे नाम की माला बालाजी,
मन बना शिवाला बालाजी,
फल ऐसा खिला दो बालाजी,
तूम राम नाम का प्याला,
हम को भी पिला दो बालाजी।।

मन मंदिर में राम सिया की,
सुंदर मूर्त बस जाये,
बालाजी तन और मन मेरा,
राम रंग में जाये,
मुझे शक्ति दे दो, बालाजी,
मुझे भक्ति दे दो, बालाजी,
मन मेल हटा दो बालाजी,
तूम राम नाम का प्याला,
हम को भी पिला दो बालाजी।।

तुम चाहो हृदय का सब,
मिट जायेगा अंधियारा,
जब श्रद्धा के दीप जलेगे,
हो जायेगा उजियारा,
यही युक्ति हमारी, बालाजी,

हो मुक्ति हमारी, बालाजी,
भव पार लगा दो बालाजी,
तूम राम नाम का प्याला,
हम को भी पिला दो बालाजी।।

भक्तो की सुन विनय प्रभु जी,
थोडा सा उपकार करो,
भव सागर जल दुस्तर भारी,
आकर बेडा पार करो,
तेरा ध्यान धरे हम, बालाजी,
तेरा नाम जपे हम, बालाजी,
कर हम पे दया दो बालाजी,
तूम राम नाम का प्याला,
हम को भी पिला दो बालाजी।।

तुम राम नाम का प्याला,
हम को भी पिला दो बालाजी,
जपे नाम की माला, बालाजी,
मन बना शिवाला, बालाजी,
जपे नाम की माला बालाजी,
मन बना शिवाला बालाजी,
फल ऐसा खिला दो बालाजी,
तूम राम नाम का प्याला,
हम को भी पिला दो बालाजी।।

Singer : Pt. Gyanendra Sharma

Source:
https://www.bharattemples.com/tum-ram-naam-ka-pyala-humko-bhi-pila-do-balaji/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw